राष्ट्रीय बाल भवन
कोटला मार्ग, नई दिल्ली–110002

सहायक लेखा अधिकारी के पद को प्रतिनियुक्ति के आधार पर भरने के लिए आवेदन पत्रों के आमंत्रण का नोटिस

राष्ट्रीय बाल भवन **''सहायक लेखा अधिकारी''** के एक रिक्त पद को प्रतिनियुक्ति के आधार पर प्रारम्भिक रूप से 03 वर्ष की अवधि के लिए, भरने के लिए योग्य आवेदकों से निर्धारित प्रौफॉर्मे में आवेदन पत्र आमंत्रित करता है। सम्बन्धित सक्षम प्राधिकारी कृपया आवेदक का आवेदन पत्र अग्रेषित करने से पहले यह सुनिश्चित कर लें कि आवेदन पत्र के सभी कॉलम समुचित रूप से भरे हुये हों। अपूर्ण आवेदन पत्रों को समग्र रूप से अस्वीकार कर दिया जायेगा। निदेशक, रा.बा.भ. के पास किसी भी या सभी आवेदन पत्रों को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित है। जिस पद के लिए आवेदन कर रहें हैं उस पद का नाम आवेदन पत्र के लिफाफे पर बड़े अक्षरों में स्पष्ट रूप से लिखा हुआ होना चाहिए। उपर्युक्त पद के योग्यता मापदण्ड निम्नलिखित हैः–

पद का नाम	**सहायक लेखा अधिकारी (स.ले.अ.)**
पद की संख्या	एक
वर्गीकरण	केन्द्रीय सरकार में ग्रुप ''सी''
पे लेवल / वेतन बैंड+ ग्रेड वेतन	वेतन मैट्रिक्स लेवल–7(सातवां वेतन आयोग) / वेतन बैंड–रू.9300–34,800+ ग्रेड वेतन रू. 4600 / –(पूर्व संशोधित)
आयु सीमा	प्रतिनियुक्ति पर नियुक्ति के लिए आवेदन पत्र की प्राप्ति की अंतिम तिथि को अधिकतम आयु सीमा 56 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।
अनिवार्य योग्यता एवं कार्यानुभव	(क). केन्द्रीय / राज्य सरकार एवं स्वायत्त संस्थान में नियमित रूप से समकक्ष / समरूप पद धारक अधिकारी **या** (ख). लेखा अनुभाग / ब्रांच में रू.9300–34,800 एवं रू.4200 / –के ग्रेड वेतन में सहायक या ऑडिट सहायक के रूप में 08 वर्ष की नियमित सेवा होनी चाहिए। (ग). भारत सरकार में स्वायत्त संस्थानों के लिए प्रचलित सेवा मामलों के नियमों का ज्ञान होना चाहिए। (घ). मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक डिग्री या केन्द्रीय सरकार से मान्यताप्राप्त समकक्ष योग्यता। (ड़). हिन्दी एवं अंग्रेजी का अच्छा ज्ञान। (च). कम्पयूटर में प्रवीणता
अन्य शर्ते	(क). फीडर कैडर में स्थित विभागीय अधिकारी जो सीधे पदोन्नति हेतु विचारणीय होगें वे प्रतिनियुक्ति पर नियुक्ति के लिए योग्य नहीं होगें। इसी प्रकार प्रतिनियुक्त अधिकारी पदोन्नति के आधार पर नियुक्ति हेतु विचार करने योग्य नहीं होंगे। (ख). समान या अन्य केन्द्र / राज्य सरकार के विभाग / संस्थान में इस वर्तमान प्रतिनियुक्ति की अवधि के साथ लगी एक्स–कैडर धारित पद की पिछली प्रतिनियुक्ति की अवधि वर्तमान प्रतिनियुक्ति को मिलाकर प्रतिनियुक्ति की कुल अवधि सामान्यतः तीन वर्ष से अधिक नहीं होगी।

नोट :–

1. राष्ट्रीय बाल भवन का उपर्युक्त पद को भरने अथवा न भरने का अधिकार सुरक्षित है।
2. आयु की गणना आवेदन पत्रों की प्राप्ति की अंतिम तिथि को की जायेगी।
3. आवेदकों से अनुरोध है कि वे निर्धारित प्रौफॉर्मे (जो हमारी वेबासाईट – **www.nationalbalbhavan.nic.in** पर उपलब्ध है) में आवेदन करें और पिछले पांच वर्ष की ए.पी.ए.आर. ग्रेडिंग की प्रमाणित स्टेटमेंट कार्यालय के सक्षम प्राधिकारी के हस्ताक्षर एवं मोहर सहित उचित माध्यम से भेजें।आवेदक अपने आवेदन पत्र के साथ अपनी शैक्षिक व अन्य योग्यता, अनुभव आदि से सम्बन्धित दस्तावेजों की स्व–सत्यापित प्रतियां भेजें, जिनके बिना आवेदन पत्र तत्काल रद्द कर दिया जायेगा।
4. आवेदन पत्रों की प्राप्ति की अंतिम तिथि समाचार पत्र में रिक्ति सूचना/ विज्ञापन प्रकाशित होने की तिथि से 30 दिन तक है। अंतिम तिथि के बाद प्राप्त होने वाले आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा।
5. केवल पे लेवल 6 (रू 4200 के ग्रेड वेतन) में (जो ए.सी.पी./ एम.ए.सी.पी./ तदर्थ आधार पर प्राप्त न हुआ हो) में स्थायी सेवा पर नियमित अनुभव रखने अधिकारी ही इस पद के लिए आवेदन करने के पात्र है।

(निदेशक, रा.बा.भ.)

राष्ट्रीय बाल भवन
कोटला मार्ग, नई दिल्ली–110002

सहायक लेखा अधिकारी पद के लिए रिक्ति सूचना

राष्ट्रीय बाल भवन, नई दिल्ली में प्रतिनियुक्ति आधार पर **₹** 9300–34800 **+ ₹**4600 के ग्रेड पे (पूर्व संशोधित) मैट्रिक्स वेतन लेवल 7 (सातवें वेतन आयोग) में **सहायक लेखा अधिकारी** के एक रिक्त पद को भरने के लिए योग्य आवेदको से आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते हैं। आवेदन पत्रों की प्राप्ति की अंतिम तिथि समाचारपत्रों में विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से 30 दिन तक है। पात्रता व निर्धारित आवेदन पत्र के प्रौफार्मे से सम्बन्धित विवरणों के लिए हमारी वेबसाइट www.nationalbalbhavan.nic.in देखें।

(निदेशक, रा.बा.भ).

प्रतिनियुक्ति पर सहायक लेखा अधिकारी के पद के लिए आवेदन पत्र

नवीनतम फोटो चिपकायें

1. आवेदित पद का नाम ______________________
2. आवेदक का पूरा नाम(बड़े अक्षरों में) ______________________
3. जन्म तिथि ______________________
4. आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि को आयु ______________________
5. वर्तमान सेवा से अधिवार्षिता की तिथि ______________________
6. वर्तमान मूल वेतन एवं वेतनमान ______________________
7. पत्राचार का पूरा पता ______________________

   ____

   ____
8. मोबाईल नम्बर ______________________
9. जिस संस्थान में इस समय कार्य कर रहे हैं, उसका पूरा नाम एवं पता ______________________
10. शैक्षिक योग्यता(स्नातक से क्रोनॉलॉजिकल आर्डर में)

क्रम सं.	उत्तीर्ण परीक्षायें	उत्तीर्ण करने का वर्ष	बोर्ड/विश्वविद्यालय	कुल प्राप्तांक

11. पिछले 08 वर्षों में ग्रहण किये गये पदों का विवरण (क्रोनॉलॉजिकल आर्डर में)

क्रम सं.	धारित पद	कार्यालय/संस्थान	वेतनमान पूरे ब्रेकअप सहित	की गई डयूटीज की प्रवृति

घोषणा

मैं, एतदद्धारा घोषणा करता हूं कि उपर्युक्त आवेदन पत्र में जो विवरण दिया गया है वह मेरे ज्ञान और विश्वास के अनुसार पूर्णतः सही है। नियुक्ति के बाद आवेदन पत्र में दी गई कोई भी जानकारी/विवरण के गलत पाये जाने की स्थिति में मेरी पात्रता/नियुक्ति रद्‌द/वापस हो जायेगी।

(आवेदक के हस्ताक्षर)

दिनांक :———————

स्थान :————————

(अग्रेषण कार्यालय के प्रयोग हेतु)

यह प्रमाणित किया जाता है कि जो विवरण आवेदक ने अपने आवेदन पत्र में उपलब्ध कराया है वह हमारे कार्यालय के रेकॉर्ड के अनुसार सही है। श्री/श्रीमती/सुश्री'' के विरूद्ध कोई सतर्कता/अनुशासनिक केस लंबित/विचाराधीन नहीं है। यदि उनका चयन होता है तो उन्हें तुरन्त कार्यमुक्त किया जायेगा।

2. उनकी पिछले 05 वर्षों की ए.पी.ए.आर./ए.सी.आर. की ग्रेडिंग्स का विवरण निम्नलिखित हैः—

कम सं.	वर्ष	ग्रेडिंग/अंक

(अग्रेषण अधिकारी के हस्ताक्षर)

नाम :''

पदनाम :'''

कार्यालय की मोहर :——————————————